# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# आदर्श प्रश्न पत्र - अर्धवार्षिक आकलन
# हिंदी - कक्षा 6
# सत्र 2026-27

**निर्धारित समय:** 3 घंटे **अधिकतम अंक:** 80

**निर्देश**:

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें |
- कृपया जाँच कर लें कि इस कार्य पत्रक में 05 मुद्रित पृष्ठ हैं |
- छात्रों को कार्यपत्रक समझाने हेतु अध्यापक को 10 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है, इस अवधि में छात्र केवल कार्यपत्रक को समझेंगे एवं उत्तर लिखना प्रारंभ नहीं करेंगे |
- कार्यपत्रक में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- सभी प्रश्नों के आगे उनके लिए निर्धारित अंक लिख दिए गये हैं|

---

**खंड -क ( अपठित बोध )**

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :** (1x5=5)

"अनुशासन हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका अर्थ है नियमों का पालन करना। अनुशासन न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि समाज के हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। एक विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यही वह समय होता है जब उसके चरित्र का निर्माण होता है। जो विद्यार्थी समय पर सोता है, समय पर जागता है और अपना गृहकार्य समय पर पूरा करता है, उसे सफलता निश्चित रूप से मिलती है। अनुशासनहीन व्यक्ति अपनी प्रतिभा का सही उपयोग नहीं कर पाता और जीवन की दौड़ में पिछड़ जाता है। प्रकृति भी हमें अनुशासन सिखाती है। सूर्य समय पर उगता है और समय पर अस्त होता है। हमें भी प्रकृति से सीख लेकर अपने जीवन को व्यवस्थित बनाना चाहिए।"

**(i) अनुशासन का सरल अर्थ क्या है?**

(क) दूसरों पर शासन करना (ख) नियमों का पालन करना

(ग) केवल पढ़ाई करना (घ) चुपचाप बैठे रहना

**2. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन क्यों आवश्यक है?**

(क) अच्छे कपड़े पहनने के लिए (ख) चरित्र निर्माण के लिए

(ग) खेल में जीतने के लिए (घ) शिक्षकों से डरने के लिए

**3. प्रकृति का कौन-सा तत्व हमें अनुशासन सिखाता है?**

(क) ऊँचे पर्वत (ख) गहरी नदियाँ

(ग) सूर्य का समय पर उगना और अस्त होना (घ) पक्षियों का चहकना

**4. 'प्रतिभा' का सही उपयोग कौन नहीं कर पाता?**

(क) जो अनुशासित होता है
(ख) जो समय का पालन करता है
(ग) जो अनुशासनहीन होता है
(घ) जो बहुत पढ़ाई करता है

**5. गद्यांश के लिए सबसे उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?**

(क) हमारा समाज
(ख)अनुशासन का महत्व
(ग) प्रकृति की सुंदरता
(घ) विद्यार्थी और खेल

**प्रश्न 2. नीचे दी गई काव्य पंक्तियों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए: –** **(1x5=5)**

''पर्वत कहता शीश उठाकर, तुम भी ऊँचे बन जाओ,
सागर कहता है लहराकर, मन में गहराई लाओ।
समझ रहे हो क्या कहती है, उठ-उठ गिर-गिर तरल तरंग?
भर लो, भर लो अपने दिल में, मीठी-मीठी मृदुल उमंग।
पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो, कितना ही हो सिर पर भार,
नभ कहता है फैलो इतना, ढक लो तुम सारा संसार।''

**1. पर्वत हमें क्या बनने की प्रेरणा दे रहा है?**

(क) कठोर बनने की
(ख) ऊँचा (महान) बनने की
(ग) पत्थर जैसा बनने की
(घ) झुककर चलने की

**2. सागर हमें मन में क्या लाने की सीख देता है?**

(क) लहरें
(ख) पानी
(ग) गहराई
(घ) नमक

**3. पृथ्वी हमें क्या न छोड़ने की सलाह देती है?**

(क) रास्ता
(ख) साथ
(ग) धैर्य (धीरज)
(घ) उम्मीद

**4. 'नभ' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है?**

(क) पाताल
(ख) आकाश
(ग) धरती
(घ) सागर

**5. 'मृदुल उमंग' का क्या अर्थ है?**

(क) कोमल उत्साह/ख़ुशी
(ख) कड़वा सच
(ग) तेज आवाज़
(घ) गहरा दुख

## खंड-ख (व्याकरण)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(1x5=5)**

(i) भाषा के दो रूप कौन-कौन से हैं?

(ii) 'हिमालय' संज्ञा का कौन-सा भेद है?

(iii) 'वह खेल रहा है'— वाक्य में सर्वनाम शब्द छाँटिए।

(iv) समूहवाचक संज्ञा का एक उदाहरण दीजिए।

(v) 'मैं' का बहुवचन रूप लिखिए।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –(1x5=5)**

(i) 'वाह! कितना सुंदर फूल है'— इस वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए।

(ii) 'दुग्ध' का तद्भव रूप लिखिए।

(iii) 'आग' का तत्सम रूप क्या होगा?

(iv) पूर्ण विराम (।) का प्रयोग कब किया जाता है?

(v) प्रश्नवाचक चिह्न (?) का एक उदाहरण वाक्य लिखिए।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –(1x5=5)**

(i) 'दाँत खट्टे करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(ii) 'अपमान' शब्द में उपसर्ग अलग कीजिए।

(iii) 'लिखावट' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है?

(iv) 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिए।

(v) 'सु' उपसर्ग लगाकर एक नया शब्द बनाइए।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—(1x5=5 )**

(i) 'पक्षी उड़ रहे हैं'— इसमें क्रिया शब्द क्या है?

(ii) 'लाल सेब' में विशेषण शब्द पहचानिए।

(iii) क्रिया के मुख्य कितने भेद होते हैं?

(iv) 'वह धीरे-धीरे चलता है'— इसमें क्रिया-विशेषण क्या है?

(v) विशेषण किसकी विशेषता बताते हैं?

## खंड -ग (पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** **(1x5=5)**

"जुम्मन शेख और अलगू चौधरी में गाढ़ी मित्रता थी। साझी में खेती होती थी। कुछ लेन-देन में भी साझा था। एक को दूसरे पर अटल विश्वास था। जुम्मन जब हज करने गए थे, तब अपना घर अलगू को सौंप गए थे, और अलगू जब कभी बाहर जाते, तो जुम्मन पर अपना घर छोड़ देते थे। जुम्मन शेख की एक बूढ़ी खाला (मौसी) थी। उनके पास कुछ थोड़ी-सी जायदाद थी, पर उनके निकट संबंधियों में कोई न था। जुम्मन ने लंबे-चौड़े वादे करके वह जायदाद अपने नाम लिखवा ली थी। जब तक दानपत्र की रजिस्ट्री न हुई थी, तब तक खालाजान का खूब आदर-सत्कार किया गया। उन्हें खूब हलवा-पूड़ी खिलाई गई, पर रजिस्ट्री की मुहर ने इन खातिरदारियों पर मानो मुहर लगा दी। जुम्मन की पत्नी, करीमन, अब रोटियों के

साथ कड़वी बातें भी सुनाने लगी। बूढ़ी खाला यह सब कुछ दिन तक सहती रही, पर जब न सहा गया, तो उन्होंने जुम्मन से शिकायत की।"

(i) जुम्मन शेख और अलगू चौधरी के बीच कैसा संबंध था?

(ii) रजिस्ट्री होने से पहले खाला (मौसी) का आदर-सत्कार कैसे किया जाता था?

(iii) जुम्मन की पत्नी का क्या नाम था और वह खाला के साथ कैसा व्यवहार करने लगे ?

(iv) जुम्मन ने खाला की जायदाद अपने नाम कैसे लिखवाई थी?

(v) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ गद्यांश में से देखकर लिखिए:

(क) दोस्ती (ख) संपत्ति

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x5=5)**

"विचार लो कि मर्त्य हो, न मृत्यु से डरो कभी,
मरो परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिये,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।"

(i) कवि के अनुसार हमें मृत्यु से क्यों नहीं डरना चाहिए?

(ii) 'सु-मृत्यु' (अच्छी मौत) किसे कहा गया है?

(iii) कवि ने 'पशु-प्रवृत्ति' (जानवरों जैसा स्वभाव) किसे कहा है?

(iv) 'वृथा' शब्द का क्या अर्थ है? कविता के अनुसार किसका जीना और मरना बेकार है?

(v) सच्चा मनुष्य कौन है?

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)**

(i) माता कुंती के पुत्रों के नाम लिखिए |

(ii) डरे हुए व्यक्ति ने राजा से क्या कहा?

(iii) पाठ में राम प्रसाद 'बिस्मिल' परमात्मा से क्या प्रार्थना करते हैं?

(iv) 'बिस्मिल' की माँ उन्हें कैसे सांत्वना देती थीं ?

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 100-120 शब्दों में लिखिए- (3x3=9)**

(i) राम प्रसाद 'बिस्मिल' को उनकी माँ ने बहुत-सी बातें सिखाई थीं | आपको भी बहुत-सी बातें आपकी माँ ने सिखाई होंगीं | 'मेरी माँ' विषय पर अपना अनुभव लिखिए |

(ii) वर्ष में कौन-कौन से महीने वृक्षारोपण के अनुकूल होते है और क्यों ?

(iii) यदि जल न होता तो हमारे जीवन पर क्या-क्या प्रभाव पड़ता कम से कम तीन प्रभाव लिखिए |

(iv) जुम्मन और उसकी पत्नी द्वारा खाला की खातिरदारी करने का क्या कारण था ?

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए (2x3=6)**

(i) भारत के लोग सिदो और कान्हू को नमन क्यों करते हैं ?

(ii) आदिवासियों का असली धन किसे कहा गया है ?

(iii) व्यक्ति को किस मद में अँधा नही होना चाहिए ?

(iv) उदार व्यक्ति की क्या पहचान है ?

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 100-120 शब्दों में लिखिए –– (3x3= 9)**

(i) वर्तमान समय में मनुष्यता का भाव मिट रहा है क्या कारण है कोई तीन कारण लिखिए |

(ii) मृत्यु से क्यों नही डरना चाहिए कोई तीन कारण लिखिए |

(iii) आदिवासियों के जीवन में जंगल का क्या महत्व है कोई तीन कारण लिखिए |

(iv) आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के कोई तीन कारण लिखिए |

## खंड- घ ( रचनात्मक लेखन )

**प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गये संकेत बिन्दुओं का प्रयोग करते हुए लगभग 120-130 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए – (5)**

**(i) अनुशासन का महत्व**

संकेत बिंदु:
-अनुशासन का अर्थ
-विद्यार्थी जीवन में आवश्यकता
-अनुशासन के लाभ
- निष्कर्ष

**(ii) मोबाइल फोन: लाभ और हानि**

संकेत बिंदु
- आधुनिक युग का अद्भुत आविष्कार
- शिक्षा और जानकारी में सहायक
- निष्कर्ष

**(iii) विषय: समय का सदुपयोग**

संकेत बिंदु:
- समय सबसे मूल्यवान धन
- गया हुआ समय वापस नहीं आता
- सफलता का आधार
- समय नियोजन

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए: (5)**

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को बीमारी के कारण दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिन पर आमंत्रित करने के लिए एक पत्र लिखिए।